प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर—अजमेर
दिनांकः 19.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

....................

- राज्य का वित्तीय वर्ष 2025—26 का बजट आज पेश किया जायेगा—युवा, किसान और महिलाओं के लिए कई घोषणाओं की उम्मीद।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा—सरकार इस बजट में भी प्रदेश में विकास के क्रम को जारी रखेगी।

- प्रदेश में वन स्टेट वन इलेक्शन के तहत सभी नगर निकायों के चुनाव नवम्बर में एक साथ कराये जायेंगे—नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा।

- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज और कल कहीं—कहीं बारिश होने और तेज हवाएं चलने की संभावना।

....................

राज्य का वित्तीय वर्ष 2025—26 का बजट आज पेश किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दीया कुमारी सुबह 11 बजे बजट प्रस्तुत करेंगी। मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल का ये दूसरा बजट है। ये बजट ग्रीन थीम पर आधारित होगा, जिसमें आधारभूत योजनाओं का विकास, ऊर्जा ई—व्हीकल, उद्यमिता तथा शासन में एआई का इस्तेमाल बढाने के लिए विशेष ध्यान दिया जायेगा। बजट में युवा, किसान और महिलाओं के लिए कई घोषणाओं की उम्मीद की जा रही है। कल कोटा में मीडिया से बातचीत में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उम्मीद जताई कि ये बजट पिछले बजट की तरह जनकल्याणकारी होगा।

....................

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आशा व्यक्त की कि बजट सत्र के दौरान पक्ष विपक्ष का पूरा सहयोग रहेगा। उन्होंने कल कोटा में मीडिया से बातचीत में कहा कि आज बजट के अलावा किसी अन्य मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं होगी। इसके बाद अन्य मुद्दों पर चर्चा की जायेगी।

....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार 2025—26 के बजट में प्रदेश में विकास के क्रम को जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले बजट में सभी विधानसभा क्षेत्रों के विकास के लिए विभिन्न घोषणाएं की और बहुत कम समय में उन घोषणाओं को धरातल पर शुरू करने का काम किया। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री निवास पर भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित कर रहे थे। श्री शर्मा ने कहा कि पिछले बजट की घोषणाओं के भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों में लगभग 99 प्रतिशत मामलों में भूमि आवंटन किया जा चुका है। उन्होंने सभी विधायकों को अपने क्षेत्र से संबंधित बजट घोषणाओं का व्यापक प्रचार—प्रसार करने तथा आमजन तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंहुचाने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विधायक सदन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि जनहित के मुद्दों पर सरकार का पक्ष मजबूती से रखा जा सके। बैठक में उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित मंत्रिपरिषद के सदस्य और विधायक उपस्थित रहे।

....................

नई दिल्ली में आज भारतीय जनता पार्टी विधायक दल की बैठक होगी। इस बैठक में भाजपा के सभी नवनिर्वाचित विधायक और पार्टी के वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक बैठक के दौरान दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा होने की संभावना है। मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण

समारोह कल दिल्ली के रामलीला मैदान में हो सकता है। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीती हैं।

..................

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज नई दिल्ली में निर्वाचन आयोग कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण करेंगे। राजीव कुमार का मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यकाल कल समाप्त होने के बाद ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति की गई है।

..................

प्रदेश में 'वन स्टेट–वन इलेक्शन' के तहत सभी 305 निकायों के चुनाव नवंबर माह में एक साथ करवाए जाएंगे। स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कल विभाग की बैठक ली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वार्डों के परिसीमन के साथ ही निकाय चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। नगर निकाय सीमाओं का परिसीमन और पुनर्गठन पूरा होने के बाद वार्डों का पुनर्गठन किया जाएगा। इसके बाद नए सिरे से वोटर लिस्ट बनेगी। उसमें सुधार के बाद 'एक प्रदेश, एक चुनाव' के आधार पर राज्य में चुनाव करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस साल नवंबर में प्रदेश में काफी निकायों का कार्यकाल खत्म होगा। इसके बाद कुछ का कार्यकाल अगले साल जनवरी में खत्म होगा। कानूनी तौर पर छह महीने का ग्रेस पीरियड होता है। ऐसे में प्रदेश के सभी निकायों के एक साथ चुनाव कराने की तैयारी की जा रही है।

..................

छत्रपति शिवाजी की जयन्ती पर आज उन्हें नमन किया जा रहा है। शिवाजी भारतीय संस्कृति में रचे–बसे महान शासक थे जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए निंरतर संघर्ष किया। मराठा साम्राज्य में छत्रपति के रूप में मान्य शिवाजी ने प्रजा को योग्य और प्रगतिशील प्रशासन देकर राष्ट्र को गौरवान्वित किया। शिवाजी की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जयपुर में राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल हरीभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने घोड़े पर सवार शिवाजी की शोभायात्रा का राजभवन में अभिनंदन किया। इसके बाद शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से शिवाजी का स्मरण करने का आह्वान किया।

.....

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्रपति शिवाजी के जीवन से हमे सीख लेनी चाहिए।

..................

उत्तर प्रदेश सरकार और महाकुंभ मेला प्राधिकरण ने ऐसी अफवाहों को खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया जा रहा है कि प्रयागराज में महाकुंभ मेले को 26 फरवरी से आगे बढ़ा दिया गया है। प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर ऐसी अफवाह पूरी तरह निराधार है। इधर महाकुंभ में लगाये गये राजस्थान मंडप में बड़ी संख्या में प्रदेश के तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। उनके आवास और भोजन की निःशुल्क सुविधा देवस्थान विभाग इन मंडपों के जरिए उपलब्ध करा रहा है। कल जयपुर में देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने राजस्थान मंडप में व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने राजस्थान मंडप की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि राजस्थान मंडप में तीर्थयात्रियों के लिए 24 घंटे निःशुल्क चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध है।

..................

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज और कल कहीं–कहीं बारिश तथा तेज रफ्तार हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार आज बीकानेर संभाग, जैसलमेर तथा आसपास के क्षेत्रों में तेज हवाएं चलने तथा जयपुर और भरतपुर संभाग के क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने के आसार है। वहीं कल राज्य के उत्तरी भागों में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। इससे पहले

कल प्रदेश में कुछ स्थानों पर बरसात हुई। राजधानी जयपुर में हुई बारिश से तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई है।

………………